**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**06.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे**

## प्रधानमंत्री–परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण में देशभर के विद्यार्थियों से बातचीत की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को अपनी क्षमता पर भरोसा करने और अलग–अलग परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि परीक्षा को उत्सव की तरह मनाना चाहिए ताकि ध्यान भटकने पर भी लक्ष्य पर केंद्रित रहा जा सके। यह कार्यक्रम आकाशवाणी, दूरदर्शन, प्रधानमंत्री के यूट्यूब चैनल और शिक्षा मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव टेलीकास्ट किया गया।

## विधायक प्राथमिकता बैठक

प्रदेश में वर्ष 2026–27 के बजट के लिए दो दिवसीय विधायक प्राथमिकता बैठकें आज से प्रदेश सचिवालय में आयोजित होंगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में आज प्रदेश के आठ जिलों के विधायक अपने–अपने क्षेत्र की बजट प्राथमिकताएं रखेंगे। बैठक का उद्देश्य आगामी वार्षिक बजट में प्रदेश की विकास परियोजनाओं के लिए विधायकों के सुझाव लेना है, जिसके आधार पर आगामी बजट में सभी विधानसभा क्षेत्रों से जुड़े विकास कार्यों, जनहित की मांगों और स्थानीय जरूरत को बजट में शामिल करने की रूपरेखा तय की जाएगी।

## भाजपा विधायक दल

विधायक निधि और एच्छिक निधि न मिलने से नाराज भाजपा विधायक दल ने आज सुबह विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर के नेतृत्व में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को ज्ञापन सौंपा। भाजपा विधायकों ने विधायक क्षेत्र विकास निधि और एच्छिक निधि को तुरंत जारी करने की मांग की। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि पिछले तीन सालों में सरकार ने विपक्षी भाजपा विधायकों की बजट प्राथमिकताओं को अनदेखा किया है और उनके क्षेत्र में कार्यों की डीपीआर तक नहीं बनाई गई है जिससे विधायकों में रोष है।

## सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने केंद्र सरकार से पहाड़ी राज्यों में मीठे पानी के संसाधनों के स्रोतों के बढ़ते संकट पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया है। उन्होंने राज्यसभा में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और नॉर्थ ईस्ट के पहाड़ी राज्यों में जल स्रोतों के घटने का मुद्दा उठाया। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र एक गहराते पारिस्थितिक संकट का सामना कर रहा है, क्योंकि इसके लगभग 50 प्रतिशत स्रोत सूख चुके हैं या सूखने की कगार पर हैं। उन्होंने

हिमालयी क्षेत्र के पारिस्थितिक, सामरिक और आर्थिक महत्व को ध्यान में रखते हुए सरकार से कठोर निर्णय लेने का आग्रह किया ताकि भविष्य के लिए इन सूखते जल स्रोतों को बचाया जा सके।

**अभियान**

आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग द्वारा चंबा में संपूर्णता अभियान दो दशमलव शून्य शुरू किया गया है। 14 अप्रैल तक संचालित किया जा रहे इस अभियान का उदेश्य जिला में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और कृषि व पशुपालन जैसे क्षेत्रों में पूर्ण संतृत्पतता सुनिश्चित करना है।

**तबादले**

प्रदेश सरकार ने शिमला, सोलन, ऊना और मंडी जिलों के पुलिस अधीक्षकों सहित 12 आईपीएस व दो एचपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इस संबंध में गृह विभाग की तरफ से अधिसूचना जारी हुई है। आईपीएस अधिकारी गौरव सिंह को शिमला, तिरूमलाराजू एसडी वर्मा को सोलन, सचिन हिरेमथ को ऊना और एचपीएस अधिकारी विनोद कुमार को मंडी का पुलिस अधीक्षक लगाया गया है।

.........